# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (05.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.06.2025, PAGE-08**

### बीआरए बिहार विवि के परीक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के लिए जारी किया दिशा-निर्देश

# पार्ट एक और दो में पास ही भर सकेंगे फाइनल ईयर का फॉर्म

**गाइडलाइन**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में पार्ट थ्री सत्र 2022-25 का परीक्षा फॉर्म वे ही विद्यार्थी भर सकेंगे जिन्होंने पार्ट वन और पार्ट टू की परीक्षा पास कर ली हो। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने बुधवार को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए गाइडलाइन जारी की।

पार्ट थ्री का परीक्षा फॉर्म अब 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 13 जून तक विद्यार्थी भर सकते हैं। परीक्षा विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक पार्ट थ्री सत्र 2022-25 की परीक्षा में सत्र 2020-23 और 2021-24 के परीक्षार्थी भी शामिल हो सकते हैं।

परीक्षा फॉर्म स्नातक सत्र 2020-23, 2021-24 और 2022-25 के वैसे छात्र जो अपने पहले पार्ट की परीक्षा पास कर गए हैं और अभी स्नातक पार्ट टू की विशेष परीक्षा में प्रमोटेड छात्र के तौर पर शामिल हुए हैं एक शपथ पत्र देकर भर सकते हैं। इस शपथ पत्र में वे लिखेंगे कि अगर वह विशेष परीक्षा में पास नहीं कर पाते हैं तो उनका पार्ट थ्री की परीक्षाफल पर कोई दावा नहीं रहेगा।



- दो सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ विद्यार्थी 13 जून तक भर सकेंगे फॉर्म
- पार्ट टू की विशेष परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को देना होगा शपथ पत्र

### पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जून से

विवि में पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जून से होगी। परीक्षा विभाग ने इसका शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया। विषयों को आठ समूहों में बांटा गया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 और दूसरी दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। सुबह की पाली में ग्रुप ए, सी, ई और जी के विषयों की परीक्षा होगी और दूसरी पाली में ग्रुप बी, डी, एफ और एच के विषयों की परीक्षा होगी।

### 130 कॉलेजों में सिर्फ 37 ने जमा किए इंटरनल के अंक

विवि में स्नातक तृतीय सेमेस्टर में 130 कॉलेजों में से सिर्फ 37 ने ही इंटरनल की मार्क्स फाइल जमा की है। मार्क्स फाइल जमा नहीं करने वाले प्राचार्यों को परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने हिदायत जारी की है। उन्होंने कहा है कि अगर परीक्षा विभाग में इंटरनल के अंक नहीं आए तो अंक नहीं भेजने वाले कॉलेजों का रिजल्ट रोक दिया जाएगा। बिहार विवि में अभी सेमेस्टर थ्री की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है।

### विवि में अब विद्यार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन

बीआरए बिहार विवि में अब विद्यार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। विवि प्रशासन इसकी पहल कर रहा है। ऐसा करने वाला बीआरएबीयू सूबे का पहला विवि होगा। सत्यापन को ऑनलाइन करने के लिए टीआर को डिजिटल तौर पर तैयार किया गया है। विवि की उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेणु बाला ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर काम कर रहा। विवि में अब तक 97 हजार छात्रों डाटा नैड पर अपलोड किया जा चुका है। इस काम के पूरा हो जाने के बाद छात्रों का सारा ब्योरा एक क्लिक में मिल जाएगा। यही नहीं, इससे विद्यार्थियों को दोबारा डिग्री लेने में भी सहूलियत होगी। अभी विद्यार्थियों के सत्यापन में महीनों लग जाते हैं।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 05.06.2025, PAGE- 02


# पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जून से दो पालियों में होगी

**9 से 12 बजे तक पहली पाली तो दूसरी पाली दो बजे से लेकर पांच बजे तक होगी**

- सत्र 2024-26 के लिए विश्वविद्यालय ने जारी किया कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जून से होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम बुधवार को जारी कर दिया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दो से पांच बजे तक होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के पुराने और नए परीक्षा भवन में केंद्र बनाया गया है। सत्र 2024 - 26 के लिए होने वाली परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों को कुल आठ ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप ए में कामर्स, एआइएच एंड सी, संस्कृत और भोजपुरी, ग्रुप बी में इतिहास, संगीत और मैथिली, ग्रुप सी में अर्थशास्त्र, भौतिकी, पर्शियन, ग्रुप डी में रसायनशास्त्र, हिंदी और उर्दू, ग्रुप ई में होम साइंस, भूगोल और बंगाली, ग्रुप एफ में मनोविज्ञान, बाटनी और दर्शनशास्त्र, ग्रुप जी में जूलाजी, समाजशास्त्र और अंग्रेजी, ग्रुप एच में राजनीति विज्ञान, गणित और अर्थशास्त्र को शामिल किया गया है। पहली पाली में ग्रुप ए,सी,ई और जी की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में बी, डी, एफ और एच ग्रुप की परीक्षा होगी। वहीं प्रैक्टिकल परीक्षा संबंधित पीजी विभागों में तीन से 12 जुलाई तक होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसकी जानकारी सभी पीजी विभागों से लेकर संबंधित कालेजों में भेजी जा रही है।

**विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा कार्यक्रम किया गया जारी**

| ग्रुप | सीसी वन | सीसी टू | सीसी थ्री | सीसी फोर | एइसीसी वन |
|---|---|---|---|---|---|
| ए और बी | 9 जून | 14 जून | 19 जून | 24 जून | 28 जून |
| सी और डी | 10 जून | 16 जून | 20 जून | 25 जून | 30 जून |
| ई और एफ | 12 जून | 17 जून | 21 जून | 26 जून | एक जुलाई |
| जी और एच | 13 जून | 18 जून | 23 जून | 27 जून | दो जुलाई। |

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 05.06.2025, PAGE-02**

## स्पेशल पार्ट टू में फेल होने पर पार्ट थर्ड का रिजल्ट नहीं होगा मान्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं को टीडीसी पार्ट वन और पार्ट टू में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। दूसरी ओर सत्र 2020-23, 2021-24 और 2022-25 के तहत टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा में प्रमोटेड के रूप में शामिल होने वाले विद्यार्थी शपथ पत्र के साथ परीक्षा फार्म भर सकेंगे। इसमें उन्हें इस बात का उल्लेखन करना होगा कि अगर वे स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा में अनुतीर्ण हो जाते हैं तो उनका टीडीसी पार्ट थर्ड 2025 का रिजल्ट मान्य नहीं होगा। वे इस परिणाम पर कोई दावा नहीं कर सकते हैं।

जारी किया गया गाइडलाइन : टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए भरे जा रहे परीक्षा फार्म को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के इस फैसले से 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। इससे पहले वे दुविधा की स्थिति का सामना कर रहे थे कि उन्हें टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जाएगा या नहीं। परीक्षा विभाग के स्तर से इस पर निर्णय ले लिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि स्पेशल पार्ट टू में शामिल होने वाले विद्यार्थी शपथ पत्र के साथ पार्ट थर्ड का फार्म भरेंगे। अगर वे उक्त परीक्षा में फेल हो जाते हैं तो पार्ट थर्ड के रिजल्ट पर उनका दावा नहीं होगा।

स्पेशल पार्ट टू में प्रमोटेड सत्र 2020-23, 2021-24, 2022-25 के छात्र शपथ पत्र के साथ भरेंगे पार्ट थर्ड का फार्म



**कई कालेजों ने पहले ही भरा लिया था फार्म :** विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में प्रोविजनल फार्म रिलीज किया गया था। इसमें पहले यह स्पष्ट गाइडलाइन जारी नहीं किया गया था कि कैसे विद्यार्थियों से फार्म भराना है। इसी उलझन में कई कालेजों ने प्रमोटेड और पार्ट टू स्पेशल में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से भी फार्म भरा लिया। कालेजों को लगा कि विश्वविद्यालय ने प्रोविजनल फार्म रिलीज किया है तो कालेजों ने सभी कोटि के छात्रों से पार्ट थर्ड का फार्म भरा लिया। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से यह कहा गया है कि सत्र 2020-23 व 2021-24 के प्रथम व द्वितीय खण्ड की परीक्षा के उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं ही स्नातक तृतीय खण्ड सत्र 2022-2025 परीक्षा 2025 की परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 05.06.2025, PAGE-04**

## बीआरएबीयू. आठ ग्रुप में बांटे गये विषय, दो पालियों में होगी परीक्षा

# कर लें तैयारी, पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ से, आया शेड्यूल



**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू ने पीजी सत्र 2024-26 में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 9 जून से शुरू होगी. विवि के नये व पुराने परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है. यहां दो पालियों में परीक्षा ली जायेगी.

पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 व दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम पांच बजे तक चलेगी. विषयों को आठ ग्रुप में बांटा गया है. दो जुलाई तक पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा चलेगी.

तीन से 12 जुलाई के बीच प्रायोगिक परीक्षा व वाइवा होगा. ग्रुप ए में कॉमर्स, एआइएच एंड सी, संस्कृत व भोजपुरी, ग्रुप बी में इतिहास, संगीत व मैथिली, ग्रुप सी में अर्थशास्त्र, भौतिकी, पर्शियन, ग्रुप डी में रसायनशास्त्र, हिंदी व उर्दू, ग्रुप इ में होम साइंस, भूगोल व बंगाली, ग्रुप एफ में मनोविज्ञान, बॉटनी व दर्शनशास्त्र, ग्रुप जी में जूलॉजी, समाजशास्त्र व अंग्रेजी, ग्रुप एच में राजनीति विज्ञान, गणित व अर्थशास्त्र को शामिल किया गया है.

पहली पाली में ग्रुप ए,सी, इ व जी और दूसरी पाली में बी, डी, एफ व एच ग्रुप की परीक्षा होगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी संबंधित विभागों को जानकारी दे दी गयी है. एडमिट कार्ड शीघ्र जारी होगा.

## शपथ पत्र संग तृतीय वर्ष की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे प्रमोटेड छात्र

- इसी महीने स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा, कल तक भरा जाना है फॉर्म
- द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा में शामिल होनेवालों को दिया जायेगा मौका

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू से इसी महीने शुरू होने वाली स्नातक तृतीय वर्ष सत्र 2022-25 की परीक्षा में प्रमोटेड हुए विद्यार्थियों को भी मौका दिया जायेगा. इसमें शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को शपथपत्र देना होगा. विशेषकर स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षा देनेवालों को यह लिखकर देना होगा कि वे विशेष परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए तो उनका तृतीय वर्ष का रिजल्ट मान्य नहीं होगा. तृतीय वर्ष की परीक्षा को लेकर 6 जून तक बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भरा जायेगा. इसके बाद 9 से 13 जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने का मौका मिलेगा. वार्षिक सिस्टम लागू होने के बाद यह तृतीय वर्ष की आखिरी परीक्षा होगी. कहा गया है कि 2025 में होने वाली तृतीय वर्ष की परीक्षा में सत्र 2020-23 व सत्र 2021-24 के छात्र-छात्राओं के साथ ही स्नातक सत्र 2022-25 के उन विद्यार्थियों को भी मौका मिलेगा जो प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण हों. स्नातक सत्र 2020-23, 2021-24 व 2022-25 उन छात्रों को भी फॉर्म भरने का मौका दिया जायेगा जो प्रथम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण हों और स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा में प्रोमोटेड छात्र के रूप में सम्मिलित हुए हैं. 2023 सत्र से विवि में स्नातक पाठ्यक्रम में सीबीसीएस लागू किया गया है. ऐसे में इसके बाद की सभी परीक्षाएं सेमेस्टर सिस्टम में ली जा रही हैं.